# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–11 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने वाराणसी के मेहदीगंज में तीन हजार आठ सौ चौरासी करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली चौवालिस परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क अवसंरचना, बिजली, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विकास शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा में कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र की समग्र प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

***कनेक्टिविटी को मजबूती देने वाले अनेक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स हर घर तक नल से जल पहुंचाने का अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार, हर परिवार, हर युवा को बेहतर सुविधाएं देने का संकल्प ये सारी योजनाएं पूर्वांचल को विकसित पूर्वांचल बनाने की दिशा में मील का पत्थर बनने वाली हैं।***

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि अब काशी केवल प्राचीनता का प्रतीक नहीं रही, बल्कि विकास का मॉडल बन गई है। उन्होंने शहर के तेज विकास की सराहना करते हुए बताया कि कैसे संरचना में सुधार, धार्मिक पर्यटन और नागरिक सुविधाओं में उन्नयन ने इस प्राचीन नगरी को आधुनिक शहरी केंद्र में बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सत्तर वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड सौंपे और तीन जीआई प्रमाणपत्र प्रदान किए।

***बीते दस वर्षों में हमने सिर्फ अस्पतालों की गिनती नहीं बढ़ाई है। हमने मरीज की गरिमा भी बढ़ाई है। आयुष्मान भारत योजना मेरे गरीब भाई–बहनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। ये योजना सिर्फ ईलाज नहीं देती, ये ईलाज के साथ–साथ विश्वास देती है।***

श्री मोदी ने बनास डेयरी (अमूल) से जुड़े राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों को एक सौ छह करोड़ रुपये का बोनस भी स्थानांतरित किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में लोगों ने बदलती हुई काशी को देखा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पचास हजार करोड़ रुपये की योजनाएं काशी में आई हैं। कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं।

**********

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज जिले के सोलह विद्यालयों में आज आधुनिक सुविधाओं वाले शौचालयों और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लोकार्पण वहां के जीजीआईसी परिसर से किया। जिले के तेरह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और तीन राजकीय बालिका इंटर कॉलेजों में यह निर्माण केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा नई दिल्ली के केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड एंव सीमा शुल्क बोर्ड की पहल पर हुआ है। इस मौके पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**********

प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल कुशीनगर जाएंगे। वह जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ साथ निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करेंगे। कुशीनगर के अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि उप मुख्यमंत्री पडरौना स्थित जूनियर हाईस्कूल में सम्राट अशोक की जयंती समारोह को भी सम्बोधित करेंगे।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज, कल और तेरह अप्रैल को कई स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा और बौछारें पड़ने की संभावना है । मौसम विज्ञान विभाग ने इस समयावधि में पूर्वी उत्तर प्रदेश में वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार आज और कल पूर्वी इलाके में तेज झोंकेदार हवा चलने और कल कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश में कल से खराब हुए मौसम से जुड़ी दुर्घटनाओं में एक महिला सहित करीब बाईस लोगों की मृत्यु हो गई। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार तेरह लोगों की मौत बिजली गिरने के कारण हुई जबकि शेष लोगों की मृत्यु दीवार गिरने या छत गिरने के कारण हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

**********

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने आज क्षेत्रीय क्रीडांगन गोरखपुर से राज्य स्तरीय गली बड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। कैबिनेट मंत्री ने आश्वस्त किया कि वह खेलों का हिस्सा बन रहे वंचित समाज के बच्चों की प्रतिभा को उचित सम्मान दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर आयोजक संस्था सेफ सोसाइटी के निदेशक विश्व वैभव शर्मा ने कहा कि कल मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय स्ट्रीट चिल्ड्रेन डे के उपलक्ष्य में आयोजित इस स्पर्धा का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को खेलों के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करना है।

**********